FC 250222

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## वित्त समिति की बैठक दिनांक 22 फरवरी, 2025 का कार्यवृत्त।

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 22 फरवरी, 2025 को अपराह्न् 2::00 बजे प्रशासनिक भवन स्थित मंथन कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहेः—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 आलोक कुमार राय** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 मनुका खन्ना, | प्रति—कुलपति | अनुपस्थित |
| 3. | श्री विवेक कुमार सिंह | अपर निदेशक, पेंशन एवं कोषागार, प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 4. | डा0 सुधीर कुमार | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ। प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन। | अनुपस्थित |
| 5. | श्री विद्यानन्द त्रिपाठी | कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 6 | श्रीमती हिमानी चौधरी | वित्त अधिकारी | सदस्य सचिव |

वित्त समिति की बैठक दिनांक 08 जनवरी, 2025 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या—02**

**(क)** लखनऊ विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2025—26 का राजस्व / पूँजीगत / स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम / विकास निधि का आय—व्ययक विचार—विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय—व्ययक पर समिति द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ख)** लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कला एवं शिल्प महाविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2025—26 का राजस्व / पूँजीगत / स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के आय—व्ययक विचार—विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय—व्ययक पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।

**अन्य बिन्दु संख्या—03**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में समाज कार्य विभाग में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम से स्थापित शोधपीठ हेतु तैयार किये गये वित्तीय वर्ष 2025—26 का आय—व्ययक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य बिन्दु संख्या—04**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में समाज शास्त्र विभाग में डा0 राम मनोहर लोहिया के नाम से स्थापित शोधपीठ हेतु तैयार किये गये वित्तीय वर्ष 2025—26 का आय—व्ययक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(हिमानी चौधरी)
वित्त अधिकारी

22/02/2025
(विवेक कुमार सिंह)
अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,
लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

22.2.2025
(विद्यानन्द त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव

22/02/25
(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति